WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

राजनीतिक

- **क्या दिल्ली चुनाव में भाजपा अब आगे है?**

ताजा संकेत यह है कि दिल्ली चुनाव में भाजपा अब आम आदमी पार्टी (आप) पर बढ़त बना रही है। कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में आप आगे है और अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी टक्कर है। किसी भी राजनीतिक पार्टी की कोई लहर नहीं है।

प्रशासनिक

- **राजेश निरवान को बीसीएएस का महानिदेशक नियुक्त**

राजस्थान कैडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी राजेश निरवान को नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

- **हरमीत सिंह असम के कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त**

हरमीत सिंह को असम का कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया गया है। वे 199 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। जल्द ही उन्हें असम डीजीपी के पद पर नियमित किया जाएगा।

- **प्रकाश मिश्रा ओडिशा के मुख्यमंत्री के सलाहकार**

ओडिशा में कैबिनेट मंत्री के पद पर सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी प्रकाश मिश्रा को मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है।

- **सीआरपीएफ के राजेश कुमार का कार्यकाल बढ़ाया**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में राजेश कुमार की प्रतिनियुक्ति अवधि 18 मार्च, 2025 से आगे एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दी गई है। वह एजीएमयूटी कैडर के 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **एसए मुरुगेसन भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में सूचीबद्ध**

एसए मुरुगेसन को भारत सरकार में संयुक्त सचिव या समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वह यूडी कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **केएम पांडुरंग को भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त**

केएम पांडुरंग को भारत सरकार में संयुक्त सचिव या समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वह हरियाणा कैडर के 2007 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **चंद्रशेखर खरे को भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में सूचीबद्ध**

चंद्रशेखर खरे को भारत सरकार में संयुक्त सचिव या समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे हरियाणा कैडर के 2008 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **जीवन कौटिकराव बच्छाव को आयुष राज्य मंत्री का निजी सचिव नियुक्त**

आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव के निजी सचिव के रूप में जीवन कौतिकराव बच्छव को नियुक्त किया गया है। वह 2011 बैच के आईआरएस-आईटी अधिकारी हैं।

- **योगेंद्र मीना आईएफओएएस छोड़कर आईपीएस में शामिल**

सिविल सेवा परीक्षा, 2023 के परिणाम के आधार पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में चयन के बाद योगेंद्र मीना ने भारतीय वन सेवा (आईएफएस) से इस्तीफा दे दिया है।

- **कीर्ति यादव आईएफओएस छोड़कर आईपीएस में शामिल**

सिविल सेवा परीक्षा, 2023 के परिणाम के आधार पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में चयन के बाद सुश्री कीर्ति यादव ने भारतीय वन सेवा (आईएफएस) से इस्तीफा दे दिया है।

- **हेमंत कुमार राठौर बीपीसीएल के सीएमडी पद के दावेदार**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (यूपीएसओ द्वितीय) हेमंत कुमार राठौर, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद की दौड़ में हैं।

- **अनुराग कपिल को कॉनकॉर के निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार**

अनुराग कपिल, जो वर्तमान में रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (ईडी), एफ (एक्स) के रूप में कार्यरत हैं, को 23 अक्टूबर, 2024 से एक वर्ष की अवधि के लिए कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) में निदेशक (वित्त) के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह एक भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) अधिकारी हैं।

- **मनोज आहूजा ओडिशा भवन के मुख्य आवासीय आयुक्त भी**

मनोज आहूजा को मुख्य रेजिडेंट कमिश्नर, ओडिशा भवन, नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह ओडिशा कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **राजस्थान में समाप्त किये गये 9 जिलों के डीएम को नियुक्ति आदेश का इंतजार**

राजस्थान में नौ नवगठित जिलों में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के पद समाप्त कर दिए गए हैं। तदनुसार, नौ समाप्त जिलों में डीएम के पद पर तैनात आईएएस अधिकारियों को पदस्थापना आदेशों की प्रतीक्षा में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। ये अधिकारी हैं: राजेंद्र सिंह शेखावत, शक्ति सिंह राठौड़, शरद मेहरा, डॉ. गौरव सैनी, श्रीमती श्वेता चौहान और अवधेश मीना।

- **संदीप जैन को आरवीएनएल में निदेशक (संचालन) के पद पर नियमित किया**

संदीप जैन, जो वर्तमान में रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (योजना) (सिविल और पीएसयू) के रूप में कार्यरत हैं, को 1 अक्टूबर, 2024 से 25 नवंबर, 2024 तक रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के निदेशक (संचालन) के रूप में नियमित किया गया है। वह भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) के अधिकारी हैं।

- **मधुसूदन पाधी ओडिशा के राज्य चुनाव आयुक्त नियुक्त**

सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मधुसूदन पाढ़ी को ओडिशा का राज्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है।

मौनी अमावस्या को लेकर प्रशासन अलर्ट, कुम्भ क्षेत्र के चारों दिशाओं में श्रद्धालु करेंगे स्नान

मौनी अमावस्या पर 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान का अनुमान

महाकुम्भ नगर।

महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान यानी मौनी अमावस्या पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। प्रयागराज के साथ पूरे मेले क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इतंजाम हैं। मौनी अमवस्या पर जो श्रद्धालु जिस दिशा से आयेगा, उसे उसी दिशा में गंगा, युमना व अन्तत्सलीला सरस्वती में डुबकी लगाकर पुण्य का भागी बनना होगा।

मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं के सुलभ स्नान एवं सुरक्षा की दृष्टि से मेला प्रशासन की ओर से यह तैयारी की गई है। सुरक्षा को लेकर मेला क्षेत्र के सभी 30 पांटून पुलों को आज से ही आवागमन बन्द कर दिया गया है। मेला प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मौनी अमास्या के एक दिन पहले यानी मंगलवार दोपहर-12 बजे तक 10 लाख कल्पवासी तथा 1.78 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। मकर संक्राति से लेकर 27 जनवरी तक 14.76 करोड़ श्रद्धालु आस्था की संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित कर सुविधा पूर्वक स्नान के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण अपने पूर्व नियोजित प्लान पर ही कार्य कर रहा है। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर गाड़ियों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

मौनी अमावस्या से पहले ही बुधवार को महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी है। हर दिशा से श्रद्धालु संगम की ओर बढ़ रहे हैं। रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप और हाइवे पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखा जा सकता है। मौनी अमावस्या के दिन करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

मेला क्षेत्र बना नो व्हीकल जोन: मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

आईसीसीसी भीड़ प्रबंधन के लिए सक्रिय : स्नान के लिए संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर) मॉनिटरिंग कर रहा हैं।

मौनी अमावस्या पर बन रहा ग्रहों का मंगलकारी योग, स्नान दान का विशेष महत्व

महाकुम्भ नगर।

मौनी अमावस्या को माघी अमावस्या भी कहते हैं क्योंकि यह माघ महीने में आती है। सनातन धर्म में मौनी अमावस्या का विशेष महत्व है। इस शुभ अवसर पर गंगा समेत पवित्र नदियों में लोग आस्था की डुबकी लगाकर देवों के देव महादेव की पूजा करते हैं। साथ ही पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करते हैं।

मौनी अमावस्या पर पितरों का तर्पण करने से व्यक्ति को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य राकेश तिवारी के अनुसार, मानें तो मौनी अमावस्या पर कई मंगलकारी शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में देवों के देव महादेव की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलेगी। आइए, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं- शुभ मुहूर्तवैदिक पंचांग के अनुसार, मौनी अमावस्या की शुरुआत 28 को जनवरी को होगी। वहीं, समापन 29 जनवरी को होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि से गणना की जाती है। अतः 29 जनवरी को मौनी अमावस्या मनाई जाएगी। मौनी अमावस्या का प्रारंभ 28 को जनवरी को संध्याकाल 07 बजकर 35 मिनट पर होगा और समापन 29 जनवरी को शाम 06 बजकर 05 मिनट पर होगा। साधक 29 जनवरी के दिन सुविधा अनुसार समय पर स्नान-ध्यान कर भगवान शिव की पूजा कर सकते हैं।

श्रवण नक्षत्रज्योतिषियों की मानें तो वर्षों बाद मौनी अमावस्या पर श्रवण नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इस योग में गंगा स्नान करने से महापुण्य फल मिलता है। इस योग का निर्माण सुबह 08 बजकर 20 मिनट से हो रहा है। इससे पहले उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का संयोग है।

उप्र के बड़ौत में निर्वाण महोत्सव का मंच गिरा, पांच की मौत, 60 घायल

बागपत।

उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के बड़ौत में जैन समाज के निर्वाण महोत्सव के दौरान आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। मान स्तंभ पर लड्डू चढ़ाने के दौरान मंच गिरने से 60 लोग घायल हो गए, जबकि अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

घायलों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। घायलों को आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहानि पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर प्रकार की मदद पहुंचाई जाए। घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराएं। बताया गया है कि श्रद्धालु क्षमता से अधिक संख्या में मान स्तंभ पर लड्डू चढ़ाने पहुंच गए। इस वजह से करीब 40 फीट ऊंचा मंच भरभरा गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को फौरन बड़ौत सीएससी और निजी आस्था अस्पताल में भर्ती कराया। 20 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। 30 से अधिक लोगों का उपचार चल रहा है। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को दिल्ली रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।बागपत जिला अस्पताल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सभी चिकित्सीय सेवाओं के लिए डॉक्टर मौके पर मौजूद हैं।

भीषण हादसा : महाकुम्भ जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत, पांच घायल

रायबरेली। भीषण हादसे में महाकुम्भ में गंगा स्नान के लिए जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई,जबकि पांच घायल हो गए हैं। हादसा मंगलवार सुबह हुआ,जब श्रद्धालुओं की कार को सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार है।

रायबरेली-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुंशीगंज में एक रेस्टोरेंट के पास एक कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने किसी तरह सभी को कार से बाहर निकाला।

महास्नान पर्व पर प्रयागराज रेल मण्डल के स्टेशनों पर लागू हुई विशेष व्यवस्था

अनारक्षित यात्री होल्डिंग एरिया से कलर कोडेड आश्रय स्थल होकर पहुंचेगें प्लेटफार्म पर

महाकुम्भ नगर।

मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ में दूसरे अमृत स्नान के लिए मंगलवार तड़के से ही संगम तट की ओर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ने लगा है। दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने की संभावना जताई गई है। ऐसे में प्रयागराज रेल मण्डल ने भी श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को प्रयागराज रेल मण्डल ने शहर के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के आने और जाने के लिए विशेष योजना बना ली है। इसके लिए प्रयागराज जंक्शन पर श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास की विशेष व्यवस्था प्रतिबंध के साथ लागू की है।

ये प्रतिबंध मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के एक दिन पहले मंगलवार से ही लागू हो गया है। प्रतिबंध शुक्रवार तक लागू रहेंगे। मौनी अमावस्या पर्व पर प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफ़ॉर्म नं.-एक की ओर से दिया जाएगा। निकास केवल सिविल लाइंस साइड, प्लेटफार्म न. 6 की ओर से दिया जा रहा है। आरक्षित यात्रियों, जिनका पहले से टिकट रिजर्व है, उन्हें सिटी साइड के गेट नंबर- 5 से अलग से प्रवेश मिल रहा है। वहीं अनारक्षित यात्रियों को दिशावार कलर कोडेडे आश्रय स्थलों के माध्यम से प्रवेश कराया जा रहा है।

रेलवे के अफसरों के अनुसार टिकट के लिए आश्रय स्थलों में ही अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग की व्यवस्था है। भीड़ के अतिरिक्त दबाव का प्रबंधन करने के लिए खुसरो बाग में एक लाख लोगों के ठहरने के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया है। मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को नैनी जंक्शन में प्रवेश केवल स्टेशन रोड से और निकास केवल मालगोदाम की ओर से होगा।

कार्यालय स्टर्लिंग ग्लोब रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, हनुमान नगर, जाटखेड़ी, भोपाल
(पंजी. क्र./डीआर/बीपीएल /134841, दिनांक 01.09.2023)
क्रमांक/निर्वा./2025/क्यू
भोपाल दिनांक 28.01.2025

निर्वाचन आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत् विशेष साधारण सम्मेलन दिनांक 11.02.2025 दिन-मंगलवार को प्रातः11.30 बजे से स्थानः क्लब हाउस स्टर्लिंग ग्लोब सोसाइटी हनुमान नगर जाटखेड़ी भोपाल पर आयोजित की गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सोनाली चौधरी (उप- अंकेक्षक), द्वारा दिनांक 04.02.2025 को समय दोपहर 12.00 से 02.00 बजे तक नामांकन पत्र लिये जावेगे, दिनांक 05.02.2025 को समय दोपहर 12.00 बजे से नियोजन पत्रों की जांच की जाएगी एवं दिनांक 06.02.2025 समय दोपहर 12.00 से 02.00 बजे तक नामांकन पत्रो की वापसी स्थान-कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, (डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय) जिला भोपाल पर की जा सकेगी। तत्पश्चात उम्मीदवारों की सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सोनाली चौधरी (उप-अंकेक्षक), द्वारा किया जावेगा। विशेष साधारण सभा की सूचना के साथ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम सदस्यों को पृथक से डाक द्वारा भेजा गया है।

आकाश शर्मा, प्रशासक
स्टलिंग ग्लोब रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, हनुमान नगर, जाटखेड़ी, भोपाल
3363

कार्यालय प्रशासक छत्रपति नगर रखरखाव एवं विकास सहकारी समिति मर्यादित, जिला-भोपाल
(पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी./1366, दिनांक 24.05.2018)
क्रमांक/निर्वा./2025/02
दिनांक 28.01.2025

निर्वाचन आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक 11.02.2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11.30 बजे से स्थानः छत्रपति नगर पानी की टंकी के पास, अयोध्या बायपास, भोपाल पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मोनू गुजरिया द्वारा दिनांक 04/02/2025 को दोपहर 12 से 02 बजे तक नामांकन पत्र लिये जावेंगे दिनांक 05/02/2025 को दोपहर 12 बजे से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी, दिनांक 06.02.2025 को दोपहर 12 से 02 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम स्थानः कार्यालय उपायक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, जिला-भोपाल पर सम्पन्न होंगे, तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से स्पीड पोस्ट/ साधारण डाक द्वारा भेजी गई है।

प्रशासक/अध्यक्ष
छत्रपति नगर रखरखाव एवं विकास सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल
3364

न्यायालय अपर तहसीलदार राजधानी परियोजना टी.टी. नगर वृत्त भोपाल
(जवाहर चौक बारह दफ्तर, शेड नम्बर-6)
प्रकरण क्रमांक-0070/ अ-3/2024-25

इश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामप्यारे मिश्रा आ. श्री ठाकुर प्रसाद मिश्रा निवासी-ग्राम सराए भावसिंह बलिया उत्तरप्रदेश द्वारा ग्राम-बरखेड़ीखुर्द स्थित भूमि खसरा नं. 32/1/12 रकबा 0.1210 हेक्टेयर भूमि का बटान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार / प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
टी.टी. नगर वृत्त भोपाल
3365

न्यायालय अपर तहसीलदार राजधानी परियोजना टी.टी. नगर वृत्त भोपाल
(जवाहर चौक बारह दफ्तर, शेड नम्बर-6)
प्रकरण क्रमांक-0071/ अ-3/2024-25

इश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रज्ञा मिश्रा पत्नी श्री प्रदीप मिश्रा निवासी-बागमुगालिया भोपाल द्वारा ग्राम-बरखेड़ीखुर्द स्थित भूमि खसरा नं. 32/1/9 रकबा 0.1330 हेक्टेयर भूमि का बटान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार / प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
टी.टी. नगर वृत्त भोपाल
3366

जाहिर सूचना
(भूखण्ड क्रमांक 09.10 एवं 11 तीनों भूखण्ड भूमि खसरा न.86/1/1 (एस) खसरा न. 86/1/3 (एस) एवं खसरा नं-86/1/1/8 (एस) 90/2 का अंश भाग होकर ग्राम भौरी, नगर निगम की सीमा के अन्दर वार्ड नंबर-03 तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित से सम्बंधित)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा सादिया खान पत्नी श्री जमालउद्दीन खान आयु वयस्क निवासी मकान नंबर-1/2, अमीन मार्केट, जिन्सी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल द्वारा भूखण्ड क्रमांक-09 साईज 5000 वर्गफिट अर्थात 464.68 वर्गमीटर है जो कि विक्रेता क्रमांक-3 श्रीमती फरहाना सुल्तान नाम से है एवं भूखण्ड क्रमांक-10 साईज 5000 वर्गफिट अर्थात 464.68 वर्गमीटर है जो कि विक्रेतागण क्रमांक-1. फारूख मोहम्मद खान, 4. शोएब फारूख एवं 2. शाजिया फारूख के संयुक्त नाम से है एवं भूखण्ड क्रमांक-11 साईज 5000 वर्गफिट अर्थात 464.68 वर्गमीटर है। जो कि विकेतागण क्रमांक 1. फारूख मोहम्मद खान 4. शोएब फारूख एवं 2. शाजिया फारूख के संयुक्त नाम से है उक्त तीनों भूखण्ड भूमि खसरा न.86/1/1 (एस) खसरा न.86/1/3 (एस) एवं खसरा नं-86/1/1/8 (एस) 90/2 का अंश भाग है जो कि ग्राम भोरी, नगर निगम की सीमा के अन्दर वार्ड नंबर- 03, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है। का खरीदने का विक्रय अनुबंध निष्पादित कर टोकन राशी का भुगतान कर दिया है, उपरोक्त सम्पत्तियों के सम्बंध में अगर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अशासकीय व्यक्ति को कोई दावा, आपत्ति, वाद विवाद, केस या कर्जा हो तो सात दिवस के भीतर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में अथवा मेरी पक्षकारा के पास प्रस्तुत करे। अन्यथा मेरी पक्षकारा 7 दिवस बाद सम्पत्ति की रजिस्ट्री अपना नाम करा लेगा, फिर किसी दावा आपत्ति को मान्य नहीं किया जाएगा एवं मेरा पक्षकार ऐसे किसी दावा/आपत्ति/कर्ज के लिए बंधनकारी नहीं होगा।

मो. फुरकान खान, एडवोकेट पठान ला एसोसिएट्स
कार्यालय/निवास-पठान मेंशन 01 मुकद्दस नगर नियर पुल बोगदा भोपाल मध्यप्रदेश
मो. 9303139611,
3359

In The Court Of XII Civil Judge Class-II, District Court, Bhopal
Presiding Officer: **आशीष मिश्रा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000221/2024)
ज्योति गोयल..**वादी** VS अर्चना मालवीय... **प्रतिवादी**
Process ID/2025 पेशी दि.: 07/03/2025

प्रेषिती-1. एसबीआई स्टाफ हाउसिंग को ओपरेटिव सोसायटी लि. पता-द्वारा जयनारायण चौकसे, 1 श्यामला हिल्स जिला भोपाल म.प्र.। **यह कि प्रार्थी** ज्योति गोयल ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है। कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24 January 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

आशीष मिश्रा, न्यायाधीश
बारहवें व्यवहार न्यायाधीश, भोपाल (म.प्र.)
3360

(प्रारूप-चार) (नियम 4 (4) देखिये)
मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (कृषि खाते का विभाजन) नियम, 2020
न्यायालय तहसीलदार नजूल एम.पी. नगर वृत्त, भोपाल
7 नं. बस स्टाप शिवाजी नगर, भोपाल
प्र.क्र. 52/ए-27/24-25

जबकि मो. आबिद पुत्र/पुत्री/पत्नी शेख वहिद निवासी ग्राम/नगर खजूरी कलां पटवारी हल्का क्र./सेक्टर क्रं. 100 तहसील हुजूर जिला भोपाल ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट खाते में अपने हिस्से के विभाजन के लिए सह खातेदार के रूप में आवेदन किया है या नीचे विनिर्दिष्ट अपने खाते या उसके अंश के अपने जीवनकाल में अपने विधिक वारिसों में विभाजन के लिए भूमिस्वामी के रूप में आवेदन किया है, और जबकि उक्त खाते का विभाजन किया जाना प्रस्तावित है, एवं सुनवाई की तारीख 20.1.2025 स्थान कमरा नं. 5 सात नं. बस स्टाप शिवाजी नगर, भोपाल पर नियत की गई है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। **खाते के विवरण**- पटवारी हल्का क्र./सेक्टर क्रं. 100 ग्राम/नगर का नाम-खजूरीकलां, खाता क्रमांक-01, सर्वेक्षण संख्याक-45/11, क्षेत्रफल (हे. में)-0.1500 हे., भू-राजस्व (रूपये में)-।

सील
तहसीलदार
एम.पी. नगर वृत्त, भोपाल
3361

(प्रारूप-चार) (नियम 4 (4) देखिये)
मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (कृषि खाते का विभाजन) नियम, 2020
न्यायालय तहसीलदार नजूल एम.पी. नगर वृत्त, भोपाल
7 नं. बस स्टाप शिवाजी नगर, भोपाल
प्र.क्र.0038/ए-27/24-25

जबकि 1. रवि किरार पुत्र धनीराम किरार, 2. सुनील सुन्डेले पुत्र महेश सुन्डेले, 3. अनिता अडवानी पुत्र/पुत्री/पत्नी रामचंद आडवानी एवं अन्य ग्राम/नगर खजूरी कलां पटवारी हल्का क्र./सेक्टर क्रं. 100 तहसील हुजूर जिला भोपाल ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट खाते में अपने हिस्से के विभाजन के लिए सह खातेदार के रूप में आवेदन किया है। या नीचे विनिर्दिष्ट अपने खाते या उसके अंश के अपने जीवनकाल में अपने विधिक वारिसों में विभाजन के लिए भूमिस्वामी के रूप में आवेदन किया है, और जबकि उक्त खाते का विभाजन किया जाना प्रस्तावित है, एवं सुनवाई कमरा नं. 5 सात नं. बस स्टाप शिवाजी नगर, भोपाल पर नियत की गई है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। **खाते के विवरण**- पटवारी हल्का क्र./सेक्टर क्रं. 100 ग्राम/नगर का नाम, खाता क्रमांक-01, सर्वेक्षण संख्याक-45/2/5/1/1/1, क्षेत्रफल (हे. में)-0.1142, भू-राजस्व (रूपये में)- 0.47।

तहसीलदार
एम.पी. नगर वृत्त, भोपाल
3362

आपका राशिफल 29 जनवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को ह) — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन देन में असावधानी ठीक नहीं। स्त्री संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक 2 6 8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है। "आगे-आगे गोरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-6-9